get ready QUEENSLAND

अपना घरेलू आपातकालीन किट तैयार करें

Queensland Government

क्वीन्सलैंड में हमें उम्दा जलवायु और जीवनशैली मिली हुई है। लेकिन, प्राकृतिक खतरे जैसे कि चक्रवात, तूफान या बाढ़ हमारे पर्यावरण के अवश्यंभावी पहलू हैं। इतिहास दिखाता है कि हम इनके खतरों के प्रति उदासीन नहीं रह सकते।

समय निकालकर निम्नलिखित कार्य करके आपात-स्थितियों के लिए तैयारी करें:

- अपनी आपातकालीन योजना बनाएँ;
- अपना आपातकालीन किट बनाएँ;
- अपने घर को तैयार करें; और
- चेतावनियों के प्रति सजग रहें

ये सरल कार्य आपको कुदरती विपदाओं के आघात के लिए तैयार होने, उनसे बचने और उनके प्रभाव को न्यूनतम करने में मदद कर सकते हैं।

आपका आपातकालीन किट बनाने और यह सुनिश्चित करने के लिए कि आपके घर के सभी लोग तैयार हैं, ये रहे कई प्रकार के सुझाव:

- अपने आपातकालीन किट को एक सुरक्षित और आसानी से पहुँची जा सकनेवाली जगह में रखें।
- सुनिश्चित करें कि घर के सभी लोगों को आपके आपातकालीन किट की जगह के बारे में पता है।
- अपने किट में इस आपातकालीन किट स्मरणिका सूची की एक प्रति रखें।
- समय-समय पर अपने किट की सामग्रियों को जाँचें ताकि यह सुनिश्चित हो कि वे ठीक से काम कर रही हैं और उनकी समापन तिथि नहीं बीत गई है।
- अपने किट की सामग्रियों के बारे में अपने घर के लोगों के साथ चर्चा करें और सुनिश्चित करें कि आपात-स्थित के समय सभी को पता है कि उन्हें क्या करना है।

आगे दी गई सूचियों में वे सामग्रियाँ शामिल की गई हैं जो आपके किट में हर समय होनी चाहिए और वे अतिरिक्त सामग्रियाँ भी जो आपको तूफ़ान और चक्रवात के मौसमों में और जब मौसमी चेतावनियाँ जारी की जाती हैं तब उसमें जोड़ लेनी चाहिए।

वे सामग्रियाँ जो आपके आपातकालीन किट में हर समय होनी चाहिए

भोजन और पानी

- ☐ खराब न होनेवाली विभिन्न प्रकार की खाद्य सामग्रियाँ
- ☐ बोतलबंद पानी

दवाएँ और साफ-सफाई की सामग्रियाँ

- ☐ प्राथमिक सहायता किट और मार्गदर्शिका
- ☐ ज़रूरी दवाएँ, दवाओं के नुस्खे और दवाओं की खुराक से संबंधित विवरण
- ☐ टोइलेट पेपर
- ☐ टूथब्रश/टूथपेस्ट
- ☐ साबुन/शैंपू
- ☐ निजी स्वच्छता की चीज़ें

प्रकाश

- ☐ फ्लैशलाइट/टोर्च और अतिरिक्त बैटरियाँ
- ☐ बैटरी-चालित लैंटर्न

संप्रेषण-साधन

- ☐ बैटरी-चालित रेडियो और अतिरिक्त बैटरियाँ
- ☐ परंपरागत तारवाला टेलिफोन
- ☐ पूर्वदत्त (प्रीपेड) फोन कार्ड और फोन करने के लिए सिक्के

कपड़े और जूते-चप्पल

- ☐ सभी के लिए ऊनी स्वेटर, जलरोधी जैकेट, टोपी और दस्ताने
- ☐ सभी के लिए आगे की ओर से बंद जूते या बूट

औज़ार और सामान

- ☐ सीटी, बहुउपयोगी छुरा, डक्ट/मास्किंग टेप
- ☐ प्लास्टिक की कचरा थैलियाँ, रस्सी
- ☐ सुरक्षा चश्मे और धूप चश्मे

विविध सामग्रियाँ

- ☐ शिशुओं के लिए विशिष्ट सामग्रियाँ (नैपी, डिब्बा बंद शिशु आहार, इत्यादि)
- ☐ विशिष्ट आवश्यकताओं वाले बुजुर्गों के लिए आवश्यक विशिष्ट चीजें
- ☐ घर और कार की अतिरिक्त चाबियाँ
- ☐ पालतू जानवरों का आहार, पानी और उनकी अन्य ज़रूरतों की चीजें

महत्वपूर्ण दस्तावेज़

अपने आपातकालीन किट में निम्नलिखित दस्तावेज़ों की मूल प्रति अथवा प्रमाणित प्रतिलिप रखें। इन दस्तावेज़ों को स्कैन करके एक यूएसबी मेमरी स्टिक या सीडी में कॉपी कर लें और इसे अपने किट में शामिल करें इन सभी वस्तुओं को सीलबंद प्लास्टिक थैली में रखें।

आपके घर और उसके सामान,

- ☐ कार, और अन्य बहुमूल्य वस्तुओं के बीमा के दस्तावेज़
- ☐ बहुमूल्य घरेलू वस्तुओं की सूची
- ☐ वसीयत और बीमा के दस्तावेज़
- ☐ घर का अनुबंध/घर को रेहन रखने के दस्तावेज़
- ☐ जन्म और मृत्यु प्रमाणपत्र
- ☐ पासपोर्ट/वीज़ा के विवरण
- ☐ प्रतिभूतियाँ और बोन्ड
- ☐ मेडीकेयर, पेन्शन कार्ड, और टीकाकरण के अभिलेख
- ☐ बैंक खातों और क्रेडिट कार्ड के विवरण
- ☐ महत्वपूर्ण कंप्यूटर फाइलों की बैकअप कॉपी
- ☐ घरेलू आपातकालीन योजना और आपातकालीन संपर्क के फोन नंबर

अन्य आपातकालीन रसद जो घर में आसानी से उपलब्ध रहनी चाहिए:



मूलभूत औज़ार किट   अतिरिक्त रसद   कैंप-अवन या गैस-बर्नर

हमेशा याद रखें

आपातकालीन किट का होना आपात स्थितियों के लिए तैयार रहने, उनके समय बचे रहने, तथा उनसे निपटने के लिए एक महत्वपूर्ण पूर्वोपाय है।

घर के सभी लोगों को पता होना चाहिए कि आपातकालीन किट कहाँ रखा हुआ है।

समय-समय पर आपातकालीन किट की सामग्रियों की जाँच करते रहें और आवश्यता होने पर उन्हें बदलते रहें।

आपातकालीन किट

चक्रवात और तूफान के मौसम में वे अतिरिक्त सामग्रियां जो आपातकालीन किट में शामिल करनी चाहिए

जब बाढ़, तूफान और चक्रवात जैसी आपात स्थितियों की आशंका हो, तो मौसमी चेतावनियाँ जारी की जाती हैं। तूफान और चक्रवात के मौसम में अपने आपातकालीन किट में निम्नलिखित सामग्रियाँ और जोड़ लें।

हमेशा ही अपने किट में ये सामग्रियाँ रखना अधिक उचित होगा। लेकिन, यदि आपके किट में जगह की कमी हो, तो एक सूची बना लें कि ये चीज़े आपके घर में कहाँ मिल सकती हैं, ताकि आप उन्हें थोड़े समय में ही इकट्ठा कर सकें। आपात स्थिति के दौरान यदि आपके घर में मेहमान आए हुए हों, तो आपको उनके लिए भी रसद चाहिए होगी।

भोजन और पानी	**किट में**	**अथवा उन्हें रखने का स्थान**
खराब न होनेवाले भोजन की तीन दिनों की रसद (साथ में कैन ओपनर, खाना पकाने के ताम-झाम, थाली-कटोरियाँ और अन्य बर्तन)	☐	....
सीलबंद पात्रों में स्वच्छ जल (प्रत्येक व्यक्ति के लिए 3 दिनों के उपयोग हेतु 10 लिटर रखने की सिफारिश की जाती है)	☐	....
पानी को शुद्ध करने की गोलियाँ	☐	....

दवाएँ और साफ-सफाई की सामग्रियाँ		
दवाओं की अतिरिक्त मात्रा	☐	....
शौच और स्वच्छता की चीजों की अतिरिक्त मात्रा, सन स्क्रीन और कीड़े-मकोड़ों को दूर भगानेवाले साधन	☐	....
सभी दवाओं के लिखित नुस्खे	☐	....
अतिरिक्त चश्मे	☐	....

औज़ार, संप्रेषण-साधन और सामान		
खिड़कियों के लिए चौड़ी, ढकनेवाली टेप	☐	....
गैस, पानी, बिजली आदि की पाइपों को बंद करने के लिए रिंच या प्लायर	☐	....
तंबू या तारपोलीन	☐	....
ऊनी या तापीय कंबलें	☐	....
मोबाइल फोन, अतिरिक्त बैटरी और चार्जर	☐	....

कपड़े और जूते	**किट में**	**या उन्हें रखने का स्थान**
प्लास्टिक थैलियों में सभी के लिए कपड़ों के अतिरिक्त जोड़े	☐	....
अतिरिक्त कपड़े और बिस्तर	☐	....

विविध सामग्रियाँ		
शिशुओं के लिए अतिरिक्त रसद (अतिरिक्त शिशु आहार, नैपी, इत्यादि)	☐	....
विशिष्ट ज़रूरतों वाले बुज़ुर्गों के लिए अतिरिक्त सामग्रियाँ	☐	....
नकद में अतिरिक्त पैसा, यदि बैंकों के इलेक्ट्रॉनिक टेलर मशीन काम न करे	☐	....
पालतू जानवार - रसद और जानकारी, (उदा., पशु चिकित्सकों के अभिलेख, पट्टा, भोजन-पानी, पहचान टैग सहित पट्टा, पालतू जानवरों के लिए बिस्तर, उनके लिए मल-त्याग करने का बर्तन और उनके मल को उठाने का करछा, डोली या लगाम, दवाएँ)	☐	....

आपात स्थितियों में बिजली और पानी की आपूर्ति बंद हो सकती है।

सुनिश्चित करें कि आपके पास निम्नलिखित सामान पर्याप्त मात्रा में हैं:

बारबिक्यू या पोर्टेबल स्टोव और ईंधन	☐	....
मोबाइल फोन के लिए पूरी तरह चार्ज की गई बैटरी	☐	....
टोर्च और रेडियो के लिए अतिरिक्त बैटरी	☐	....
एस्की या गैस/बैटरी से चालित फ्रिज	☐	....



यह सूचनापत्र केवल जानकारी के लिए है और इसे नेक इरादे से उपलब्ध कराया गया है। किसी के भी द्वारा इस सूचनापत्र में दी गई जानकारी पर निर्भर करने से सीधे अथवा परोक्ष रूप से किसी को भी होने वाली क्षतियों या नुकसानों (जिनमें परिणाम स्वरूप होने वाली क्षति या नुकसान शामिल हैं) के लिए सामुदायिक सुरक्षा, आपातकालीन प्रबंध विभाग क्वीन्सलैंड और राज्य आपातकालीन सेवा किसी भी तरह से उत्तरदायी नहीं होगा।

आपात स्थितियों के लिए तैयारी करने के बारे में अधिक जानकारी के लिए इस वेबसाइट में पधारें - *www.disaster.qld.gov.au*

© 2011 Department of Community Safety

Queensland Government